# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : **09.03.2025** प्रसारण समय : **19:20** बजे

---

<u>मुख्य समाचार :–</u>

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेरठ में युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत एक हजार 70 युवाओं को वितरित किये ऋण : कहा– नये भारत का आधार बन रहा है नया उत्तर प्रदेश।
2. कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने देवरिया के धमऊर गांव में तीस बिस्तर वाले नये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया लोकार्पण : कहा– राज्य सरकार दूर–दराज के गांवों में पहुंचा रही है बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधायें।
3. ब्रज मंडल में रंगोत्सव की धूम : नंदगांव में खेली गई पारम्परिक लठमार होली, विदेशी श्रद्धालुओं ने भी लिया होली का आनंद।

और

4. भारत और न्यूजीलैंड के बीच दुबई में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल मैच जारी : न्यूजीलैंड ने भारत को जीत के लिए दिया 252 रनों का लक्ष्य।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज मेरठ में युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत मेरठ और सहारनपुर मंडल के एक हजार 70 युवाओं को 48 करोड़ रूपये के ऋण वितरित किये। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं की प्रगति में आने वाली सभी रूकावटों को दूर करने के लिए राज्य सरकार संकल्पित है। उन्होंने कहा कि यह योजना युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और स्टार्टअप इंडिया और स्टैंडअप इंडिया के विज़न को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। श्री योगी ने कहा कि इस योजना में अनुसूचित जाति–जनजाति और महिलाओं के लिए विशेष प्रावधान किये गये हैं। मुख्यमंत्री ने डबल इंजन सरकार के आठ साल के कार्यकाल की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि नया उत्तर प्रदेश नये भारत का आधार बन रहा है। बाइट..

*पिछले आठ वर्ष में जो कदम उठाये गये हैं, डबल इंजन की सरकार के द्वारा उठाये गये प्रयासों का परिणाम है कि सुरक्षा की बेहतर स्थिति हुई, कानून व्यवस्था की बेहतर स्थिति का परिणाम आज प्रदेश में निवेश चारों ओर से आ रहा है। आज निवेश की कमी नहीं है, उद्योग लग रहे हैं, हर एक स्तर पर लग रहे हैं, हर जनपद में लग रहे हैं। 15 लाख करोड़ रूपये से अधिक के निवेश के प्रस्ताव को अब तक हम धरातल पर उतार करके बहुत सारे उद्योग ने प्रोडक्शन प्रारम्भ किया है और सात लाख से अधिक युवाओं को अब तक हम इन उद्योगों में सीधे नौकरी दे चुके हैं। साढ़े सात लाख युवाओं को हमने सरकारी नौकरी इस दौरान दी। एमएसएमई सेंटर को जिसका भारत का सबसे बड़ा आधार उत्तर प्रदेश के पास है उसको पुर्नजीवित किया गया है।*

इससे पहले मुख्यमंत्री ने मेजर ध्यानचंद स्पोर्टस युनिवर्सिटी के निर्माण कार्य का जायजा लिया और कहा कि इसे अक्टूबर–नवम्बर तक राष्ट्र को समर्पित कर दिया जायेगा। श्री योगी ने कहा कि यह विश्वविद्यालय अंतर्राष्टोय मानकों पर तैयार हो रहा है और ओलम्पिक तथा कॉमनवेल्थ खेलों के लिए बेहतरीन खिलाड़ी देगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि हरिद्वार और प्रयागराज को जोड़ने वाला गंगा एक्सप्रेस–वे भी जल्द शुरू हो जायेगा।

————————

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने आज देवरिया जिले के देसही ब्लॉक धमऊर गांव में तीस बेड वाले नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और आवासीय भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर श्री शाही ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को स्वास्थ्य और चिकित्सा की बेहतरीन सुविधायें उपलब्ध करा रही है। सरकार का लक्ष्य दूर–दराज के गांवों में सामान्य–जन को इन सुविधाओं से आच्छादित करना है। देवरिया दौरे में श्री शाही ने जिले के पिपराधौला कदम में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ युनिट का भी उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने वाली 48 आशा कार्यकर्ताओं को पुरस्कृत किया।

————————

प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने आज गौतमबुद्धनगर के ग्रेटर नोएडा में 'हायर इंडिया ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी मिशन' के तहत एयर कंडीशन फैक्ट्री की आधारशिला रखी। बाद में मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि इस फैक्ट्री के लग जाने से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। बाइट...

*2018 से लेकर अभी तक काफी बड़ा सेटअप इन्होंने मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट का यहां पर बनाया है। जहां की ये एयर कंडीशनर फ्रीज और कई सी चीजें मैन्यूफैक्चर कर रहे हैं। इंडेक्शन मोल्डिंग प्लांट जिसका उद्घाटन हुआ, यह एक तरह से बैकवर्ड इन्टीग्रशन में मदद करता है, यानी जो कम्पोनेट या जो पार्ट ये पहले बाहर से लाते थे वो भी अब उ0प्र0 के अंदर बनेंगे यानी 25 लाख की कैपेसिटी का जो एयर कंडीशनर प्लांट का शिलान्यास हुआ है यदि जो टोटल इनके यहां एयर कंडीशनर मैन्यूफैक्चरिंग होगी वो लगभग चार मिलियन होगी हर साल ये एक बहुत ही अच्छा शुरूआत है और अभी तक लगभग 35 सौ लोग इनके यहां डारेक्टली काम कर रहे हैं और आप जानते हैं कि इनकी वजह से काफी इनडारेक्ट इम्प्लाई जनरेट होगा।*

इस अवसर पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

---

सीतापुर जिले में पत्रकार हत्याकांड के सिलसिले में पुलिस चार लेखपालों सहित आठ लोगों को हिरासत में लेकर गहन पूछताछ कर रही है। पुलिस ने इस हत्याकांड का जल्द ही पर्दाफास करने का दावा किया है। कल एक हिंदी दैनिक से जुड़े पत्रकार राघवेंद्र की कुछ लोगों ने दिन–दहाड़े हत्या कर दी थी।

—————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण कल से शुरू हो रहा है। सत्र का यह चरण चार अप्रैल तक जारी रहेगा। इस दौरान सदन की 20 बैठकें होंगी और वर्ष 2024–25 के लिये अनुदान मांगों तथा विनियोग विधेयक पर चर्चा होगी और मतदान होगा। इसके अलावा बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक, तटीय नौवहन विधेयक–2024, त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधयेक, आव्रजन और विदेशी विधेयक–2025 सहित कई विधायी कार्यों पर चर्चा होगी और इन्हें पारित किया जाएगा। बजट सत्र का पहला चरण 31 जनवरी से 13 फरवरी तक हुआ था।

—————————

श्रम मंत्रालय ने श्रमिकों से आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ उठाने के लिए स्वयं को

पंजीकृत कराने का अनुरोध किया है। इस योजना के तहत किसी संगठन के साथ काम करने वाले श्रमिक ई–श्रम पोर्टल पर अपना पंजीकरण ऑनलाइन करा सकते हैं।

यह योजना देश के 31 हजार से अधिक सार्वजनिक और निजी पैनलबद्ध अस्पतालों में दूसरे और तीसरे श्रेणी के स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के लिए प्रति परिवार हर वर्ष पांच लाख रुपये का कवरेज प्रदान करती है। केन्द्रीय बजट में ई–श्रम पोर्टल पर इनका पंजीकरण करने, पहचान पत्र जारी करने और स्वास्थ्य देखभाल का प्रावधान किया गया है।

——————

मथुरा सहित समूचे ब्रज क्षेत्र में रंगोत्सव की धूम है। आज मथुरा के नंद गांव में पारम्परिक लठमार होली खेली गई। और विवरण हमारे प्रतिनिधि से...

*समूचा बृज मण्डल में होली की घूम मची हुई है आज यहां नंदगाव में लठमार होली गई है और यहाँ देश विदेश से आये लाखो श्राद्धालुओं ने होली का आनन्द लिया यहाँ सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इन्तजाम किये गये। मुहम्मद उमर कुरैशी आकाशवाणी समाचार मथुरा।*

चालीस दिवसीय रंगोत्सव के मद्‌देनज़र राज्य के पर्यटन विभाग ने श्रद्धालुओं को सुविधा मुहैया कराने के लिए व्यापक तैयारी की है। बरसाना में राधारानी मंदिर तक पहाड़ी पर पहुंचने के लिए तीर्थयात्रियों के लिए रोपवे सेवा शुरू कर दी गई है।

——————

लखनऊ में 26 मार्च से 30 मार्च तक 47वीं राष्ट्रीय जूनियर महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप का आयोजन केडी सिंह बाबू स्टेडियम में किया जाएगा। यह जानकारी आज लखनऊ में संवाददाता सम्मेलन में यूपी हैंडबॉल एसोसिएशन के महासचिव आनंदेश्वर पांडे ने दी। श्री पाण्डेय ने बताया कि एसोसिएशन अपनी स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने के क्रम में चैंपियनशिप का आयोजन करने जा रही है। उन्होंने बताया कि चैंपियनशिप में हैंडबॉल एकेडमी और 32 राज्यों सहित 33 टीम भाग लेंगी। बाइट..

*राष्ट्रीय स्तर की जूनियर बालिका चैम्पियनशिप कराऊंगा जिसमें हम उन सभी राज्य के खिलाड़ियों को जो हमारे उत्तर प्रदेश के हैं जिन्होंने अंतराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व किया है और नाम रोशन किया है, उन सब को सम्मानित भी करेंगे। मेरी कोशिश यह है कि वह खिलाड़ी जो आर्थिक रूप से विपन्न है, जो गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन कर रहे हैं उनको कुछ आर्थिक सहयोग भी प्रदान करें, यह हमारा लक्ष्य है।*

——————

भारत और न्यूजीलैंड के बीच दुबई में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल मुकाबला जारी है। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत को जीत के लिए 252 रनों का लक्ष्य दिया है। खबर लिखे जाने तक भारत की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए बिना किसी विकेट के नुकसान पर 65 रन बना लिये थे।

——————

पदेश सरकार शहरों में मानचित्र पास करने के मानकों में बदलाव करने जा रही है। इस पहल से पुराने क्षेत्रों में

मानचित्र पास करने में आने वाली बाधायें दूर होंगी। साथ ही, नये शहरी क्षेत्रों में नये मास्टर प्लान के आधार पर नये नियम लागू किये जायेंगे।

---